वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा

प्रबंध मंडल की 82 वीं बैठक दिनांक 19 अक्टूबर 2011 का कार्यवाही विवरण

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 82वीं बैठक दिनांक 19 अक्टूबर 2011 को अपरान्ह पूर्व 11.00 विश्वविद्यालय के जयपुर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र पर आयोजित हुई, बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

1. प्रो0 नरेश दाधीच कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	अध्यक्ष
2. श्री राजीव स्वरूप प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग राज0 सरकार जयपुर।	सदस्य
3. प्रो0 श्रीमती मालाश्री लाल विभागाध्यक्ष (अंग्रेजी) दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली।	सदस्या
4. प्रो0 एम0 के0 घड़ोलिया आचार्य (अर्थशास्त्र) वर्धमान महावीर खुला वि0वि0, कोटा।	सदस्य
5. डा0 आर0 सी0 मीणा निदेशक, क्षे0के0 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,अजमेर।	सदस्य
6. डा0 जुल्फिकार बेग मिर्जा कुलसचिव वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।	सचिव

माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदस्यगणों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारंभ करवाने के निर्देश के बाद बैठक प्रारंभ हुई जिसमें निम्नानुसार निर्णय किये गये:–

82/01 प्रबंध मंडल की 81 वीं बैठक दिनांक 17 अक्टूबर 2011 के कार्यवाही विवरण एवं अनुपालना प्रतिवेदन का अवलोकन एवं अनुमोदन।

सदन के पटल पर प्रस्तुत 81वीं बैठक के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया एवं उक्त कार्यवाही विवरण पर की गई अनुपालना का भी अनुमोदन किया गया।

82/02 दिनांक 29.09.11 से 01.10.11 तक सहायक कुलसचिव के पदों पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए आयोजित चयन समिति की बैठक की अनुशंसाओं के अनुमोदन के समय प्रबंध मंडल की 81वीं बैठक दिनांक 17.10.11 में किये गये निर्णयानुसार चयन समिति की दिनांक 19.10.11 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण पर निर्णय।

सहायक कुलसचिव के पद हेतु दिनांक 29.09.11 से 1.10.11 तक आयोजित साक्षात्कार एवं दिनांक 17.10.11 को आयोजित बैठक की अनुशंसाओं को प्रबंध मंडल के समक्ष खोला जाने के बाद प्रबंध मंडल द्वारा सहायक कुलसचिव पद पर चयन समिति की अनुशंसाओं का अवलोकन करते समय यह पाया गया था कि एक उम्मीदवार के नाम एवं उसके कोड नंबर Mismatch है अतः प्रबंध मंडल ने निर्देश दिया कि यह प्रकरण पुनः चयन समिति के सम्मुख स्पष्टीकरण हेतु रखकर तदनुसार चयन समिति की सिफारिशों को प्रबंध मंडल में निर्णय हेतु रखा जाए।

प्रबंध मंडल की उक्त अनुशंसाओं के कम में चयन समिति की बैठक दिनांक 19.10.11 को प्रातः 10.00 क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर में आयोजित की गई,चयन समिति की अनुशंसाओं को मय स्पष्टीकरण प्रबंध मंडल द्वारा विचार विमर्श उपरांत अनुमोदित करते हुए सहायक कुलसचिव पद हेतु निम्नलिखित नामों को नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय किया गयाः–

1. सुरेश कुमार शर्मा
2. प्रवीण कुमार शर्मा
3. बलवान सिंह सैनी

निम्नलिखित अभ्यार्थियों के नाम सहायक कुलसचिव के पद हेतु आरक्षित सूची में रखे जाने का निर्णय किया गयाः–

1. आशीष जोशी
2. मनोहर सिंह

तत्पश्चात् आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

कुलसचिव
एवं सचिव(प्रबंध मंडल)